आकाशवाणी देहरादून (उत्तराखण्ड)

शुक्रवार 26.12.2025 समय 1830

**मुख्य समाचार :—**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा — साहिबजादे, भारत की अदम्य साहस और वीरता के सर्वोच्च आदर्शों की मिसाल हैं।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वीर बाल दिवस पर साहिबजादों के शौर्य और बलिदान को नमन किया।
- मुख्यमंत्री धामी ने कहा— राज्य सरकार एक जिला—एक मेला और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध।
- ''आपकी पूंजी—आपका अधिकार'' अभियान के तहत चम्पावत जिले में अब तक 2 करोड़ 84 लाख रुपये की धनराशि संबंधित को दी गई।

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश आज साहिबजादों के अनुकरणीय साहस और बलिदान को याद कर रहा है, जो देश का गौरव हैं। उन्होंने कहा कि पिछले चार साल में वीर बाल दिवस ने साहिबजादों की प्रेरणाओं और बलिदानों को युवा पीढ़ी तक पहुंचाया है। आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में वीर बाल दिवस पर राष्ट्रीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने ये बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि साहिबजादे भारत की अदम्य साहस और वीरता के सर्वोच्च आदर्शों की मिसाल हैं। उन्होंने कहा कि साहिबजादे, उम्र की सीमाओं को तोड़कर क्रूर मुगलों के सामने चट्टान की तरह खड़े रहे। प्रधानमंत्री ने कहा कि माता गुजरी जी, श्री गुरु गोबिंद सिंह जी और चारों साहिबजादों की हिम्मत और आदर्श हर भारतीय को ताकत देते रहते हैं। इस अवसर पर श्री मोदी ने राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के 20 विजेताओं से बातचीत की।

**राज्यपाल**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने 'वीर बाल दिवस' के अवसर पर आज लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में गुरु गोविंद सिंह जी के वीर साहिबजादों के शौर्य और बलिदान को नमन करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों की शहादत को 'वीर बाल दिवस' के रूप में मनाने के निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय आने वाली पीढ़ियों को उनके अद्वितीय बलिदान से प्रेरणा देता रहेगा। राज्यपाल ने कहा कि जिस छोटी आयु में बच्चे खेल—कूद में लगे रहते हैं, उसी अवस्था में साहिबजादों ने धर्म, सत्य और मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि यह एक संदेश है कि कठिन परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं करना चाहिए।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज गुरूद्वारा, श्री गुरू सिंह सभा, देहरादून में वीर बाल दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गुरू सिंह सभा में माथा टेका। उन्होंने दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह तथा उनके चारों साहिबजादों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि साहिबजादों का जीवन त्याग, शौर्य, धर्मरक्षा और देश भक्ति का जीवंत उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान सभी अभिभावकों और शिक्षकों से आह्वान करते हुए कहा कि अपने बच्चों को वीर साहिबजादों की गाथा अवश्य सुनाएं, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी भी अपने धर्म, संस्कृति और परंपराओं पर गर्व कर सके।

## साप्ताहिक बाजार

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देश पर रेंजर्स ग्राउंड पर लगने वाले रविवार साप्ताहिक बाजार अब आईएसबीटी के पास उत्तराखंड मेट्रो रेल शहरी अवस्थापना एवं भवन निर्माण निगम लिमिटेड की भूमि पर लगाया जाएगा। यह भूमि वर्तमान में खाली है और एमडीडीए के नियंत्रण में है। यह व्यवस्था तब तक प्रभावी रहेगी, जब तक मेट्रो परियोजना से संबंधित कोई कार्य प्रारंभ नहीं हो जाता। इस निर्णय से यातायात व्यवस्था में सुधार होगा।

## बंड विकास मेला

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक जिला–एक मेला, वोकल फॉर लोकल और मेड इन इंडिया अभियान को आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। वे आज चमोली जिले के सेमलडाला पीपलकोटी में 24वें बंड विकास औद्योगिक, पर्यटन, किसान एवं सांस्कृतिक मेले में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक जिला–दो उत्पाद, हाउस ऑफ हिमालय ब्रांड, स्टेट मिलेट मिशन और होमस्टे योजना के माध्यम से स्थानीय उत्पादों और पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सेमलडाला खेल मैदान के विस्तारीकरण और नंदा देवी राजजात यात्रा मार्ग में पेयजल सहित आधारभूत सुविधाओं का विकास किए जाने सहित विभिन्न घोषणाएं की।

## आपकी पूंजी–आपका अधिकार

प्रदेश के विभिन्न जिलों में आपकी पूंजी–आपका अधिकार अभियान के तहत बैंकों में निष्क्रिय पड़े खातों की धनराशि खाताधारकों के परिजनों तक पहुंचाई जा रही है। इसी कड़ी में चम्पावत जिले में विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं, जिसमें कई वारिसों को उनके परिजनों के बैंक खातों में जमा धनराशि के चेक सौंपे गए। जिले के लीड बैंक प्रबंधक अमर सिंह ग्वाल ने बताया कि चम्पावत जिले में विभिन्न निष्क्रिय खातों में करीब 9 करोड़ 40 लाख रुपये की धनराशि है। उन्होंने बताया कि विभिन्न शिविरों के माध्यम से अभी तक 2 करोड़ 84 लाख रुपये की धनराशि संबंधित को दे दी गई है।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम

बागेश्वर जिले की ग्राम पंचायत घिरौली में 17 ग्राम सभाओं के वार्ड सदस्यों और ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों के लिए पांच दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया है। मास्टर ट्रेनर महेश पाण्डे ने प्रतिभागियों को ग्राम सभा के महत्व, ग्राम पंचायत की संवैधानिक भूमिका, अधिकारों और कर्तव्यों पर विस्तार से जानकारी दी। राष्ट्रीय ग्रामीण स्वराज अभियान के तहत आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायत प्रतिनिधियों को सशक्त बनाते हुए ग्राम विकास की प्रक्रिया में उनकी भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाना है।